PAPER-III
GEOGRAPHY

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No._____
(In words)

J 8 0 1 4

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **20**

Number of Questions in this Booklet : **75**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

GEOGRAPHY
Paper – III

Note : This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Lateral Planation Theory of pediment formation was proposed by
(A) Lawson (B) Davis
(C) Gilbert (D) McGee

2. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Books)	**List – II (Authors)**
a. Geomorphology	i. Wooldridge and Morgen
b. Essays in Geomorphology	ii. Strahler
c. Physical Geography	iii. Lobeck
d. An outline of Geomorphology	iv. Dury

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iii	iv	ii	i
(B)	i	iv	ii	iii
(C)	iii	ii	iv	i
(D)	iv	iii	i	ii

3. Which of the following is strongly presumptive faultline scarps ?
(A) Superimposed drainage across a fault
(B) Poor correlation between rock resistence and topographic forms
(C) Frequent severe earthquakes
(D) Actual Fault Plane identified along a scarp

4. Paternoster lakes are features typical of :
(A) Lava Plains
(B) Piedmonts
(C) Deserts
(D) Glacial Troughs

5. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Theories of Cavern formation)	**List– II (Scholar)**
a. Two cycle theory	i. Davis
b. Water table theory	ii. Garner
c. Static waterzone theory	iii. Malott
d. Invasion Theory	iv. Swinnerton

Codes :

	a	b	c	d
(A)	i	iv	ii	iii
(B)	i	ii	iii	iv
(C)	iv	iii	i	ii
(D)	ii	i	iv	iii

6. Which one of the following processes is typical to glacial erosion ?
(A) Plucking
(B) Hydrolic action
(C) Deflation
(D) Corrosion

7. Given below are two statements, one labelled as assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :
Assertion (A) : Deep chemical decay of rocks is one of the outstanding features of humid tropical regions.
Reason (R) : Intensity of chemical weathering depends to a large degree upon an abundance of water and high air temperatures.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (R) is true but (A) is false.

भूगोल

प्रश्नपत्र – III

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. पेडीमेन्ट रचना का पार्श्वीय समतलन सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया है ?

(A) लॉसन (B) डेविस

(C) गिलबर्ट (D) मैकगी

2. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (पुस्तकें)	**सूची – II (लेखक)**
a. जियोमॉरफोलोजी	i. वुडरिज एवं मॉर्गन
b. असेस इन जियोमॉरफोलोजी	ii. स्ट्राह्लर
c. फिजीकल जिओग्राफी	iii. लोबेक
d. एन आऊटलाइन ऑफ जियोमॉरफोलोजी	iv. ड्यूरी

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iii	iv	ii	i
(B)	i	iv	ii	iii
(C)	iii	ii	iv	i
(D)	iv	iii	i	ii

3. निम्नलिखित में से कौन सा दृढ़ रूप से अनुमानित भ्रंश सक्रिय कगार हैं ?

(A) भ्रंश के पार अध्यारोपित अपवाह

(B) शैल प्रतिरोध और स्थलाकृतिक रूपों के बीच दुर्बल सहसम्बन्ध

(C) बारम्बार तीव्र भूकम्प

(D) कगार के सहारे अभिनिर्धारित वास्तविक भ्रंश समतल

4. झीलमाला ठेठ रूप से किसकी विशेषताएँ हैं ?

(A) लावा मैदान

(B) गिरिपद (पीडमॉन्ट)

(C) मरुस्थल

(D) हिमानी द्रोणिका

5. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (कंदरा निर्माण सिद्धान्त)	**सूची – II (विद्वान)**
a. दो चक्रीय सिद्धान्त	i. डेविस
b. जल स्तर सिद्धान्त	ii. गार्नर
c. स्थैतिक जल खंड सिद्धान्त	iii. मालोट
d. अतिक्रमण सिद्धान्त	iv. स्वीनर्टन

कूट :

	a	b	c	d
(A)	i	iv	ii	iii
(B)	i	ii	iii	iv
(C)	iv	iii	i	ii
(D)	ii	i	iv	iii

6. निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया हिमीय अपरदन के संदर्भ में विशिष्ट स्थान रखती है ?

(A) उत्पाटन (B) जलीय कृत्य

(C) अपवाहन (D) संक्षारण

7. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

अभिकथन (A) : चट्टानों का गहन रासायनिक अपक्षय, आर्द्र उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की उत्कृष्ट विशेषता है ।

कारण (R) : रासायनिक अपक्षयण की तीव्रता जल की प्रचुरता तथा उच्च वायु तापमानों पर काफी हद तक निर्भर करती है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (R) सत्य है, परन्तु (A) असत्य है ।

8. Crickmay, while disagreeing with Davis, supplanted peneplain with the term :
(A) Pediplain
(B) Panplane
(C) Etch plain
(D) Structural plain

9. What is the correct Sequence of the cloud types in a warm front away from its trailing edge ?
(A) Altostratus – Nimbostratus – Cirrus - Cirrostratus
(B) Cirrostratus – Nimbostratus – Altostratus – Cirrus
(C) Cirrus – Nimbostratus – Altostratus - Cirrostratus
(D) Nimbostratus – Alto Stratus – Cirrostratus – cirrus.

10. Westerlies are examples of
(A) Macro atmospheric motions
(B) Tornados
(C) Microscale atmospheric motions
(D) Gusts

11. Match the following List – I with List – II and select the correct answer from the code given below :

List – I	**List– II**
a. Temparature falls with height	i. Ionosphere
b. Reflects radio waves back to earth	ii. Stratosphere
c. Contain most of the ozone.	iii. Tropopause
d. Fall in temperature stops	iv. Troposphere

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	ii	i	iii
(B)	iii	ii	iv	i
(C)	iv	i	ii	iii
(D)	iv	iii	i	ii

12. If the elevation of the sun declines, the albedo will –
(A) Decline
(B) Increase
(C) Remain the same
(D) No change

13. Seasonal contrast in pressure between land and sea gives rise to :
(A) Monsoons
(B) Westerly winds
(C) Land and Sea breezes
(D) Trade winds

14. V. Bjerknes Model is related with :
(A) Origin of anticyclones
(B) Origin of Mid Latitude Cyclones
(C) Origin of Tropical Cyclones
(D) Origin of monsson

15. Which one of the following is not correct ?
(A) Cold front is marked with triangular spikes.
(B) Warm front is marked with Semicircles.
(C) A fast advancing warm front can cause violent lifting.
(D) The tornados develop along squall line.

16. Some heat is received by the atmosphere even after Sunset from :
(A) Invisible Solar radiation
(B) Latent heat
(C) Radioactive processes
(D) Terrestrial radiation

17. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :
Assertion (A) : The growth of grass and other vegetative cover is limited to selvas.
Reason (R) : The separate crowns of trees coalesce and form a thick canopy above the forest floor.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (R) is ture but, (A) is false.

18. 'Montreal Protocol' is related to
(A) Global Warming
(B) Ozone Depletion
(C) Air Pollution
(D) Water Pollution

8. डेविस के साथ असहमत होते समय, क्रिकमे ने किस शब्द के साथ पीनीप्लेन (स्थली प्राय) को उखाड़ दिया ?
(A) पेडिप्लेन
(B) पानप्लेन
(C) इचप्लेन
(D) संरचनात्मक समतल भूमि

9. अपने पुछल्ले किनारे से दूर उष्णवाताग्र में मेघ प्रकारों का सही अनुक्रम क्या है ?
(A) मध्यस्तरी - वर्षास्तरी - पक्षाभ - पक्षाभस्तरी
(B) पक्षाभस्तरी - वर्षास्तरी - मध्यस्तरी - पक्षाभ
(C) पक्षाभ - वर्षास्तरी - मध्यस्तरी - पक्षाभस्तरी
(D) वर्षास्तरी - मध्यस्तरी - पक्षाभस्तरी - पक्षाभ

10. पछुवा हवाएँ किसका उदाहरण हैं ?
(A) समष्टि वायुमंडलीय गतियाँ
(B) बवण्डर
(C) सूक्ष्म पैमाने की वायुमंडलीय गतियाँ
(D) झोंका

11. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I	**सूची – II**
a. ऊँचाई के साथ तापमान गिरता है ।	i. आयनमंडल
b. रेडियो तरंगे वापस पृथ्वी पर परावर्तित करता है ।	ii. समतापमंडल
c. अधिकांश ओजोन समाहित हैं ।	iii. क्षोभसीमा
d. तापमान में गिरावट रुक जाती है ।	iv. क्षोभमंडल

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iv	ii	i	iii
(B)	iii	ii	iv	i
(C)	iv	i	ii	iii
(D)	iv	iii	i	ii

12. यदि सूर्य का उत्थापन कम होता है तो श्विति (ऐल्बिडो) –
(A) कम होगा ।
(B) बढ़ेगा ।
(C) वही रहेगा ।
(D) कोई परिवर्तन नहीं होगा ।

13. भूमि तथा समुद्र के बीच दाब में मौसमी अन्तर क्या उत्पन्न करता है ?
(A) मानसून
(B) पछुवा हवाएँ
(C) भूमि तथा सागर समीर
(D) व्यापारिक पवन

14. वी. जर्कनेस का मॉडल किससे सम्बन्धित है ?
(A) प्रति चक्रवातों के उद्‌भव
(B) मध्य अक्षांश चक्रवातों के उद्‌भव
(C) उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के उद्‌भव
(D) मानसून के उद्‌भव

15. निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?
(A) शीत वाताग्र तिकोणीय वृत्तों द्वारा निर्धारित होता है ।
(B) उष्ण वाताग्र अर्द्ध वृत्तों द्वारा निर्धारित होता है ।
(C) तेजी से आगे बढ़ रहा उष्ण वाताग्र प्रचण्ड उत्थापन उत्पन्न कर सकता है ।
(D) टॉरनेडो (बवण्डर) अल्पकालिक झंझा पंक्ति के साथ-साथ विकसित होता है ।

16. सूर्यास्त के बाद भी सीमित उष्णता वायुमंडल द्वारा किससे प्राप्त की जाती है ?
(A) अदृश्य सौर विकिरण
(B) पार्श्विक ताप
(C) रेडियो सक्रिय प्रक्रियाएँ
(D) पार्थिव विकिरण

17. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :
अभिकथन (A) : घास और अन्य वनस्पति वर्धक आवरण सेल्वा क्षेत्र तक सीमित है ।
कारण (R) : वृक्षों के पृथक छत्र संलीन हो, वन तल के ऊपर गहन छतरी निर्मित करते हैं ।
कूट :
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं हैं ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य हैं ।
(D) (R) सत्य है, परन्तु (A) असत्य है ।

18. 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल' (पूर्व लेख) का सम्बन्ध है
(A) वैश्विक उष्मीकरण से
(B) ओज़ोन नि:शेषण से
(C) वायु प्रदूषण से
(D) जल प्रदूषण से

19. The objective of Kyoto Protocol was to reduce green house gas emission by :
(A) An average of 10 percent below 1995 level by the year 2010
(B) An average of 8 percent below 1998 level by the year 2012
(C) An average of 20 percent below 1997 level by the year 2009
(D) An average of 5 percent below 1990 level by the year 2012

20. Xerophytes can tolerate and stand against :
(A) High temperature
(B) Severe Cold
(C) Humidity
(D) The drought Conditions

21. Consider the following statements :
(1) Ozone is found mostly in the stratosphere.
(2) Ozone layer lies 55–75 kms. above the surface of the earth.
(3) Ozone absorbs ultraviolet rays from the Sun.
(4) Ozone layer has no significance for life on the earth.
Which of the above statements are correct ?
(A) 1 and 3 (B) 2 and 4
(C) 2 and 3 (D) 1 and 4

22. Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :
Assertion (A) : Oceanic salinity is low in the equatorial region.
Reason (R) : Equatorial region is characterized by heavy rainfall, cloudiness and humidity.
Codes :
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is not correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is ture.

23. The statement – "Systematic geography must move into theoretical spheres and Regional Geography into a search for generic and not unique studies" was made by
(A) Richard Hartshorne
(B) Issiah Bowman
(C) William Bunge
(D) Peter Haggett

24. In the development of Quantitative Revolution, a new field of study called 'Social Physics' stating that "dimensions of society are analogous to the physical dimensions and include numbers of people, distance and time" was introduced by
(A) J. Q. Stewart
(B) Edward Ullman
(C) W.L. Garrison
(D) William Warntz

25. Given below are two statements, one laballed as Assertion (A), and the other labelled as Reason (R) :
Assertion (A) : The major Thrust of Quantitative Revolution is to bring law making, model building and Theorization in Geography.
Reason (R) : After the second world war, young geographers discarded the empirical, descriptive and gazetteer type of Geography by using the mathematical language rather than the language of literature.
Select your answer from the codes given below :
Codes :
(A) (A) is correct but (R) is wrong.
(B) (A) is wrong but (R) is correct.
(C) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).
(D) Both (A) and (R) are wrong.

26. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

List – I	**List – II**
i. T. Haggerstrand	a. Theoretical Geography
ii. William Bunge	b. Geographic Dissemination of Innovations
iii. Gilbert White	c. Methods of Regional Analysis
iv. Walter Isard	d. Human Reponses to Floods

Codes :

	a	b	c	d
(A)	ii	i	iv	iii
(B)	ii	iii	iv	i
(C)	iv	ii	iii	i
(D)	iii	iv	i	ii

19. क्योटो प्रोटोकॉल का उद्देश्य ग्रीन हाउस गैस के उत्सर्जन को कब तक कम करने का था ?

(A) वर्ष 2010 तक, 1995 के औसतन स्तर से 10 प्रतिशत नीचे लाना ।

(B) वर्ष 2012 तक, 1998 के औसतन स्तर, से 8 प्रतिशत नीचे लाना ।

(C) वर्ष 2009 तक, 1997 के औसतन स्तर से 20 प्रतिशत नीचे लाना ।

(D) वर्ष 2012 तक, 1990 के औसतन स्तर से 5 प्रतिशत नीचे लाना ।

20. मरुदभिद् वनस्पति निम्न में से किसके विरुद्ध जीवित रह सकती है ?

(A) उच्च तापमान (B) अति शीत

(C) आर्द्रता (D) सूखा परिस्थिति

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

1. ओज़ोन अधिकांशत्या समताप मंडल में पाया जाता है ।
2. ओज़ोन की परत पृथ्वी के सतह से 55-75 कि.मी. ऊपर स्थित रहता है ।
3. ओज़ोन सूर्य से परा बैंगनी किरणों को अवशोषित करता है ।
4. पृथ्वी पर जीवन के लिए ओज़ोन की परत का कोई महत्त्व नहीं है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा सही है ?

(A) 1 और 3 (B) 2 और 4

(C) 2 और 3 (D) 1 और 4

22. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

अभिकथन (A) : भूमध्यवर्ती क्षेत्र में महासागरीय लवणता कम होती है ।

कारण (R) : भूमध्यवर्ती क्षेत्र की विशेषताएँ भारी वर्षा, मेघाच्छन्नता और आर्द्रता हैं ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

23. "क्रमबद्ध भूगोल को सैद्धान्तिक क्षेत्रों में चले जाना चाहिए और क्षेत्रीय भूगोल को सामान्य खोज के लिये न कि अनन्य अध्ययनों की खोज के लिए जाना चाहिए" यह कथन किसका है ?

(A) रिचर्ड हार्टशोर्न (B) इसईया बॉमैन

(C) विलियम बुंगे (D) पीटर हैगेट

24. परिमाणात्मक क्रान्ति के विकास में, नूतन अध्ययन क्षेत्र प्रारम्भ किया गया जो "सामाजिक भौतिक" विज्ञान कहलाता है और जो स्पष्ट करता है कि "समाज की विमाएँ भौतिक विमाओं के समरूप हैं और यह लोगों की संख्या, दूरी और समय को समाविष्ट करती हैं ।" यह किसने प्रारम्भ किया था ?

(A) जे.क्यू. स्टीवार्ट (B) एडवर्ड उल्लमैन

(C) डब्ल्यू.एल. गैरीसन (D) विलियम वैर्न्टस

25. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

अभिकथन (A) : परिमाणात्मक क्रान्ति का मुख्य जोर भूगोल में नियम निर्माण, मॉडल निर्माण और सिद्धान्तीकरण को लाना है ।

कारण (R) : द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, युवा भूगोलवेताओं को समझ आया कि आनुभविक विवरणात्मक और गज़ेटियर (भौगोलिकी) प्रकार के भूगोल को साहित्य की भाषा के बजाय गणितीय भाषा के उपयोग द्वारा त्यागा जाये ।

नीचे दिए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

कूट :

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

26. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I	**सूची – II**
i. टी. हैगरस्ट्रेंड	a. सैद्धान्तिक भूगोल
ii. विलियम बुंगे	b. नवप्रवर्तनों का भौगोलिक प्रसार
iii. गिलबर्ट व्हाईट	c. क्षेत्रीय विश्लेषण की पद्धतियाँ
iv. वाल्टर आईज़ार्ड	d. बाढ़ के प्रति मानव की प्रतिक्रियाएँ

कूट :

	a	b	c	d
(A)	ii	i	iv	iii
(B)	ii	iii	iv	i
(C)	iv	ii	iii	i
(D)	iii	iv	i	ii

27. Match List-I and List-II and select the correct answer using the codes given below :

List - I	**List - II**
i. Otto Schluter	a. Political geography
ii. Von Richthofen	b. Das Ausland
iii. Oscar Peschel	c. Major work on China
iv. Friedrich Ratzel	d. Visible content of the landscape

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	ii	iii
(B)	iv	iii	ii	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	ii	i	iv	iii

28. Which one of the following statements is not true about Humanism in Geography.

(A) Humanism does not treat humans as machines.

(B) Humanistic geography gives importance to human awareness, human consciousness and human creativity.

(C) Humanists accept the reduction of space and place to geometrical concepts of surface.

(D) Humanism developed as criticism against positivism and quantitative revolution.

29. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

List– I (Philosophical approaches)	**List – II (Advocates)**
i. Idealistic	a. Relph
ii. Phenomenological	b. Harris and Guelke
iii. Radical	c. Smith
iv. Welfare	d. Bunge

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	ii	i	iii
(B)	ii	i	iv	iii
(C)	iii	iv	ii	i
(D)	ii	iii	i	iv

30. Who among the following was a strong supporter of Ritter's teleological ideas ?

(A) Guyot (B) Peschel
(C) Gerland (D) Ratzel

31. A process of population deconcentration away from large urban settlements to non-metropolitan areas is termed as :

(A) Urban dispersal
(B) Urban sprawl
(C) Counter-urbanization
(D) Sub-urbanization

32. In the acceleration stage of urbanisation the urban population constitutes :

(A) More than 70% of the total population of the state
(B) 25% to 70%
(C) 10% to 25%
(D) Less than 10%

33. The concept of primate city was advanced by

(A) Jefferson (B) Zift
(C) Mumford (D) Sjoberg

34. Given below are two statements, one laballed as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :

Assertion (A) : Losch's model is less restrictive than Christoller's.

Reason (R) : Losch treated each function as having a separate range, threshold and hexagonal hinterland.

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanations of (A).
(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true but (R) is false.
(D) (A) is false but (R) is true.

35. Which of the following conditions is characterised by the second stage of Demographic Transition ?

(A) Low birth rate, High death rate
(B) High birth rate, High death rate
(C) High birth rate, declining death rate
(D) Low birth rate, Low death rate

27. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I	**सूची – II**
i. ओटो श्लूटर	a. पोलिटिकल जिऑग्राफी
ii. वॉन रिकथोफन	b. दास ऑसलैण्ड
iii. ओस्कार पैशल	c. चीन का अध्ययन
iv. फ्रेडरिक रैटज़ल	d. भूदृश्य के दृश्यगत विषय-वस्तु

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	ii	iii
(B)	iv	iii	ii	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	ii	i	iv	iii

28. भूगोल में मानववाद के बारे में कौन सा कथन सत्य नहीं हैं ?

(A) मानववाद मानव को मशीन के रूप में नहीं लेता है ।

(B) मानववादी भूगोल मानवीय जागरूकता, मानव चेतना और मानव सृजनात्मकता को महत्त्व देता है ।

(C) मानववादी, सतह की ज्यामितीय अवधारणाओं के स्थान पर "स्पेस" एवं "प्लेस" के न्यूनीकरण को स्वीकार करते हैं ।

(D) मानववाद, प्रत्यक्षवाद तथा परिमाणात्मक क्रान्ति के विरुद्ध आलोचना के रूप में विकसित हुआ ।

29. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (दार्शनिक उपागम)	**सूची – II (समर्थक)**
i. आदर्शवादी	a. राल्फ
ii. घटना क्रिया विज्ञान सम्बन्धी	b. हेरिस एवं गुलके
iii. अत्यान्तिक	c. स्मिथ
iv. कल्याण	d. बुंगे

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iv	ii	i	iii
(B)	ii	i	iv	iii
(C)	iii	iv	ii	i
(D)	ii	iii	i	iv

30. निम्नलिखित में से कौन "टीलियोलोजिकल" (उद्देश्यवादी) विचारों के दृढ़ समर्थक है ?

(A) ग्युयोट (B) पैशल
(C) गरलैंड (D) रैटज़ल

31. बड़े नगर अधिवासों से दूर जनसंख्या विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया का गैर महानगरीय क्षेत्रों में होना क्या कहलाता है ?

(A) नगरीय छितराव
(B) नगरीय अवस्थित फैलाव
(C) प्रति-नगरीयकरण
(D) उपनगरीयकरण

32. नगरीकरण की त्वरित अवस्था में, नगरीय जनसंख्या में संघटित होता है

(A) राज्य की कुल जनसंख्या का 70% से ज्यादा
(B) 25% से 70%
(C) 10% से 25%
(D) 10% से कम

33. प्रमुख नगर की अवधारणा किसने प्रतिपादित की है ?

(A) जेफरसन (B) ज़िफ
(C) ममफोर्ड (D) स्जोबर्ग

34. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

अभिकथन (A) : क्रिस्टॉलर के मॉडल की अपेक्षा लॉश का मॉडल कम प्रतिबंधात्मक है ।

कारण (R) : लॉश प्रत्येक कार्य का पृथक परास, पृथक सीमा और पृथक षट्कोणीय भीतरी प्रदेश मानता है ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

35. निम्नलिखित में से कौन सी अवस्था जनांकिकीय संक्रमण (या परिवर्तन) की दूसरी अवस्था को चरित्रांकित करती है ?

(A) निम्न जन्म दर, उच्च मृत्यु दर
(B) उच्च जन्म दर, उच्च मृत्यु दर
(C) उच्च जन्म दर, ह्रासमान मृत्यु दर
(D) निम्न जन्म दर, निम्न मृत्यु दर

36. Match following List-I and List-II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Books)	List – II (Authors)
a. The Nature of Geography	i. D. Harvey
b. The Urban Question	ii. P. Haggett
c. Social Justice and the City	iii. R. Hart - shorne
d. Locational Analysis in Human Geography.	iv. M. Castells

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	ii	iii
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	i	ii	iii	iv
(D)	ii	iii	iv	i

37. 'Chain migration' is based on :

(A) Job opportunities
(B) Kinship
(C) Proximity to place of earlier Residence
(D) Combination of (A) and (C)

38. Which one of the following pairs is not correctly matched ?

Scholar		Concept
(A) E.W. Burgess	–	Concept of megalopolis
(B) W. J. Reily	–	Law of retail gravitation
(C) G. K. Ziff	–	Rank-size rule
(D) Patrick Geddes	–	Concept of conurbation

39. Consider the following statements and select the correct answer from the given codes :

(1) Most of the fishing grounds occur in areas where the continental shelf is wide.
(2) Fishing activity is well developed in warm tropical waters.
(3) Mixing of warm and cold currents brings plant nutrients for fish.
(4) Inland fisheries are more significant than other types in India.

Codes :

(A) 1 and 2 are correct.
(B) 1 and 3 are correct.
(C) 2, 3 and 4 are correct.
(D) 1, 2 and 3 are correct.

40. Given below are two statements, one laballed as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : There are regional disparities in the spatial organisation of economy.

Reason (R) : Interactions among inherent factors in economic activities affect the texture of spatial organisations.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation fo (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

41. Which one of the following crop practices refers to crop rotation ?

(A) Cultivating more than one crop in the same field in different seasons.
(B) Cultivating the same crop in the same field in different seasons.
(C) Cultivating many crops in the same field in one season.
(D) Cultivating one crop in one season followed by a different crop in the next season in the same field.

42. When the raw material used in an industry is gross and ubiquitous, the location of the firm will be :

(A) Near the source of raw material
(B) Anywhere between the source of raw material market
(C) Near the market
(D) Near the capital city

36. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (पुस्तकें)	**सूची – II (लेखक)**
a. दि नेचर ऑफ जिओग्राफी	i. डी. हार्वे
b. दि अरबन क्वेश्चन	ii. पी. हैगेट
c. सोशल जस्टिस एण्ड दी सिटी	iii. आर. हार्टशोर्न
d. लोकेशनल एनालिसिस इन ह्यूमेन जिओग्राफी	iv.एम. कैस्टेल्स

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iv	i	ii	iii
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	i	ii	iii	iv
(D)	ii	iii	iv	i

37. 'शृंखला प्रवसन' (चेन माइग्रेशन) किस पर आधारित है ?

(A) काम के अवसर
(B) नातेदारी
(C) पूर्वकालिक आवासीय स्थान से समीपता
(D) (A) और (C) दोनों

38. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

विद्वान	**अवधारणा**
(A) ई. डब्ल्यू. बर्जेस	– मेगालोपॅलिस की अवधारणा
(B) डब्ल्यू.जे. रेली	– रिटेल गुरुत्वाकर्षण का नियम
(C) जी.के. ज़िफ	– कोटि-आकार नियम
(D) पैट्रिक गिडीज़	– सन्नगर की अवधारणा

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. अधिकांश मत्स्यन क्षेत्र ऐसे क्षेत्रों में बनते हैं, जहाँ महाद्वीपीय शेल्फ चौड़ा होता है ।
2. मत्स्य क्रियाकलाप गरम उष्णकटिबंधीय समुद्रीजल में काफी विकसित है ।
3. गरम और ठंडी धाराओं के मिलने के कारण मछलियों के लिए पादप पोषण मिलता है ।
4. भारत में अन्तर्देशी मत्स्य-उद्योग अन्य प्रकारों से अधिक महत्त्वपूर्ण है ।

कूट :

(A) 1 और 2 सही हैं ।
(B) 1 और 3 सही हैं ।
(C) 2, 3 और 4 सही हैं ।
(D) 1, 2 और 3 सही हैं ।

40. नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) और दूसरा कारण (R) है :

अभिकथन (A) : अर्थव्यवस्था के स्थानिक संगठन में क्षेत्रीय असंगतियाँ होती हैं ।

कारण (R) : आर्थिक क्रियाकलापों में अंतर्जात कारकों के बीच अंत:क्रियाएँ स्थानिक संगठनों के गठन को प्रभावित करती हैं ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

41. निम्नलिखित में से कौन सी फसल प्रथा फसल चक्रानुसरण (या हेरफेर) का संकेत करती है ?

(A) एक ही खेत में भिन्न ऋतुओं में एक से ज्यादा फसल की खेती करना ।
(B) एक ही खेत में भिन्न ऋतुओं में एक ही फसल लेना ।
(C) एक ही खेत में एक ही ऋतु में बहुत सी फसलें लेना ।
(D) एक ही खेत में एक ऋतु में एक फसल लेना और अगली ऋतु में भिन्न फसल की खेती करना ।

42. जब उद्योग में उपयोग किया जाने वाला कच्चा माल स्थूलकाय और सर्वव्यापक होता है, तो फर्म की अवस्थिति क्या होगी ?

(A) कच्चे माल के स्रोत के समीप
(B) कच्चे माल के स्रोत और बाज़ार के बीच कहीं भी ।
(C) बाज़ार के समीप
(D) राजधानी नगर के समीप

43. In Great Britain a little pulp is produced, but paper making is important, while in Sweden pulp manufacture is far more important than paper making because

(A) Great Britain is technologically advanced as compared to Sweden.

(B) Pulp making is raw material oriented, paper making is more market oriented.

(C) Sweden is a poor country.

(D) Great Britain has plenty of forest resources for paper making.

44. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Location)	**List – II (Industry)**
a. Detroit	1. Iron and Steel
b. Yokohama	2. Synthetic rubber
c. Akron	3. Ship building
d. Glasgow	4. Automobile

Codes :

	a	b	c	d
(A)	2	1	3	4
(B)	4	3	2	1
(C)	3	2	1	4
(D)	1	2	3	4

45. Break-of-bulk point is a place :


(A) Where large sized and bulky goods are crushed into.

(B) Where goods are transferred from one mode of transport to another.

(C) Where packaging of the bulky goods is carried out at large scale.

(D) The place meant for the transport of bulky products.

46. Consider the following road network diagram of an area :



Select the correct connectivity matrix for the above network.

(A)

	a	b	c	d	e
a	0	1	2	1	1
b	1	0	1	2	2
c	1	1	0	1	1
d	0	1	0	1	1
e	1	1	0	1	1

(B)

	a	b	c	d	e
a	0	1	1	1	0
b	1	0	1	0	0
c	1	1	0	1	1
d	1	0	1	0	0
e	0	0	1	0	0

(C)

	a	b	c	d	e
a	0	1	3	2	2
b	2	3	1	3	0
c	0	1	0	1	1
d	0	0	0	1	1
e	2	3	1	0	0

(D)

	a	b	c	d	e
a	0	1	3	1	0
b	2	4	1	4	0
c	2	3	1	0	2
d	1	2	0	1	1
e	1	1	0	1	1

47. Which one of the following theories emphasizes the policy oriented concepts such as propulsive firms, leading industries and agglomeration ?

(A) Central Place Theory

(B) Theory of Industrial location

(C) Growth pole theory

(D) Theory of spatial organization

43. ग्रेट ब्रिटेन में, बहुत कम लुगदी उत्पादित की जाती है, परन्तु कागज निर्माण महत्त्वपूर्ण है, जबकि स्वीडन में लुगदी विनिर्माण कागज निर्माण की तुलना में बहुत ज्यादा महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि

(A) ग्रेट ब्रिटेन स्वीडन की तुलना में प्रौद्योगिकीय रूप से उन्नत है ।

(B) लुगदी निर्माण कच्चा माल उन्मुखी है, कागज निर्माण ज्यादा बाज़ार उन्मुखी होता है ।

(C) स्वीडन गरीब देश है ।

(D) ग्रेट ब्रिटेन में कागज निर्माण के लिये प्रचुर मात्रा में वन संसाधन हैं ।

44. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (अवस्थिति)	**सूची – II (उद्योग)**
a. डिट्रॉयट	1. लोह एवं इस्पात
b. योकोहामा	2. संश्लिष्ट रबर
c. अकरोन	3. जहाज निर्माण
d. ग्लासगो	4. ऑटोमोबाइल

कूट :

	a	b	c	d
(A)	2	1	3	4
(B)	4	3	2	1
(C)	3	2	1	4
(D)	1	2	3	4

45. आयतन-भंग बिन्दु वो स्थान है जहाँ :


(A) बड़े आकार की और भारी या स्थूल वस्तुएँ पीसी जाती हैं ।

(B) वस्तुएँ परिवहन के एक तरीके से दूसरे को हस्तांतरित की जाती हैं ।

(C) भारी या स्थूल वस्तुओं की पैकेजिंग बड़े पैमाने पर की जाती है ।

(D) स्थान भारी या स्थूल उत्पादों के परिवहन के लिये हैं ।

46. क्षेत्र का निम्नलिखित सड़क नेटवर्क आरेख पर विचार करें :



उपर्युक्त नेटवर्क के लिये सही सम्बन्धता मैट्रिक्स का चयन करें :

(A)

	a	b	c	d	e
a	0	1	2	1	1
b	1	0	1	2	2
c	1	1	0	1	1
d	0	1	0	1	1
e	1	1	0	1	1

(B)

	a	b	c	d	e
a	0	1	1	1	0
b	1	0	1	0	0
c	1	1	0	1	1
d	1	0	1	0	0
e	0	0	1	0	0

(C)

	a	b	c	d	e
a	0	1	3	2	2
b	2	3	1	3	0
c	0	1	0	1	1
d	0	0	0	1	1
e	2	3	1	0	0

(D)

	a	b	c	d	e
a	0	1	3	1	0
b	2	4	1	4	0
c	2	3	1	0	2
d	1	2	0	1	1
e	1	1	0	1	1

47. निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धान्त नीति उन्मुखी अवधारणाओं जैसे कि नोदक फर्में, अग्रग्रामी उद्योग और संचय पर बल देता है ?

(A) केन्द्रीय स्थान सिद्धान्त

(B) औद्योगिक अवस्थिति का सिद्धान्त

(C) विकास ध्रुव सिद्धान्त

(D) स्थानिक संगठन का सिद्धान्त

48. The techniques usually employed for actual delineation of functional regions are :

(A) Flow and gravitational analysis

(B) Simple correlation analysis

(C) Composite index method analysis

(D) Ranking coefficient method analysis

49. The gravity principle in identification of nodal regions states that the interaction between two geographic points is directly related to :

(A) Their masses

(B) Their distance

(C) Their mode of transport

(D) Their size of settlements

50. Match the following :

List – I (Regional Planners)	**List – II (Number of major planning regions identified for India)**
i. V. Nath	a. 13
ii. Bhat and Rao	b. 19
iii. Sen Gupta & Sdasyuk	c. 11
iv. C.S. Chandra sekhara	d. 15

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	iv	ii	iii	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	ii	iii	iv	i

51. Given below are two statements; one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : A planning region should be large enough to contain a range of resources, conditions and attributes so as to serve a desired degree of economic viability.

Reason (R) : Its resource position should be such that a satisfactory level of product combination for consumption and for exchange would be feasible.

Select your answer from the codes given below :

Codes :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation.

(C) (A) is true but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

52. Preparation of Sub-plans on regional basis was taken up in :

(A) Fourth plan (B) Fifth plan

(C) Sixth plan (D) Seventh plan

53. Who among the following presented a framework of economic regions of different orders following the soviet concept of economic regions and production specialisation :

(A) P. Sen Gupta

(B) V. Nath

(C) S.P. Chatterjee

(D) Bhat and Prakasa Rao

54. Which one of the following states experienced the lowest growth rate of literates during 2001-2011 ?

(A) Tamil Nadu (B) Nagaland

(C) Kerala (D) Goa

55. Which one of the following places in India does not get the vertical rays of the Sun ?

(A) Srinagar (J & K)

(B) Mumbai

(C) Chennai

(D) Thiruvananthapuram

48. प्रकार्यात्मक क्षेत्रों के वास्तविक चित्रण के लिये कौन सी तकनीकों को सामान्यत्या नियोजित किया जाता है ?

(A) प्रवाह तथा गुरुत्वाकर्षण विश्लेषण

(B) सरल सहसम्बन्ध विश्लेषण

(C) मिश्रित सूचकांक पद्धति विश्लेषण

(D) श्रेणीकरण गुणांक पद्धति विश्लेषण

49. नाभिक प्रदेशों की पहचान करने में गुरुत्व सिद्धांत बताता है कि दो भौगोलिक बिन्दुओं के बीच अंत:क्रिया सीधी सम्बन्धित है :

(A) उनकी जनता से

(B) उनकी दूरी से

(C) उनके परिवहन के तरीके से

(D) उनके अधिवास के आकार से

50. निम्नलिखित को सुमेलित करें :

सूची – I (क्षेत्रीय नियोजक)	**सूची – II (भारत के लिये पहचाने मुख्य नियोजन क्षेत्रों की संख्या)**
i. वी.नाथ	a. 13
ii. भट्ट एवं राव	b. 19
iii. सेन गुप्ता एवं स्दास्युक	c. 11
iv. सी.एस. चन्द्रशेखर	d. 15

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	iv	ii	iii	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	ii	iii	iv	i

51. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

अभिकथन (A) : नियोजन क्षेत्र इतना बड़ा होना चाहिए कि उसमें संसाधनों की विविधता, दशाएं और विशेषताएँ हों जिससे कि वो वांछित कोटि की आर्थिक व्यवहार्यता के लिये कार्य कर सके ।

कारण (R) : उसकी संसाधन स्थिति ऐसी हो कि उपभोग के लिये तथा विनिमय के लिए संतोषजनक स्तर का उत्पाद संयोजन साध्यक्षम हो ।

नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

52. क्षेत्रीय आधार पर उपयोजना तैयार करने का कार्य किसमें लिया गया था ?

(A) चौथी योजना (B) पाँचवीं योजना

(C) छठी योजना (D) सातवीं योजना

53. निम्नलिखित में से किसने आर्थिक क्षेत्रों की सोवियट अवधारणा और उत्पादन विशिष्टीकरण के अनुवर्ती भिन्न व्यवस्थाओं के आर्थिक क्षेत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की ?

(A) पी. सेनगुप्ता (B) वी. नाथ

(C) एस.पी. चैटर्जी (D) भट्ट एवं प्रकाशा राव

54. निम्नलिखित में से किस राज्य में 2001-2011 के दौरान साक्षरों की वृद्धि दर निम्नतम रही ?

(A) तमिलनाडु (B) नागालैंड

(C) केरल (D) गोआ

55. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा स्थान सूरज की उर्ध्वाकार किरणों को नहीं पाता है ?

(A) श्रीनगर (जे.एण्ड.के.) (B) मुम्बई

(C) चैन्नई (D) तिरुवनंतपुरम

56. Which one of the following atomic power stations is located in Tamil Nadu ?

(A) Tarapur (B) Kota
(C) Kalpakkam (D) Narora

57. Which one of the following matches is not-correct ?

(A) Himadri – Greater Himalya
(B) Shiwalik – Outer Himalaya
(C) Western Ghat – Peninsular India
(D) Gondwanaland – Lesser Himalaya

58. Which one of the following major seaports of India does not have natural harbour ?

(A) Mumbai (B) Cochin
(C) Marmagao (D) Paradeep

59. The member of agro-climatic regions in India as per Planning Commission is

(A) Twelve (B) Thirteen
(C) Fourteen (D) Fifteen

60. About three-fourth of manganese ore reserves of India are found in :

(A) Orissa, Madhya Pradesh, Maharastra, Goa
(B) Karnataka, Orissa, Madhya Pradesh, Maharastra
(C) Karnataka, Madhya Pradesh, Goa, Andhra Pradesh
(D) Madhya Pradesh, Maharastra, Andhra Pradesh, Jharkhand

61. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Statistic)	**List – II (Analysis)**
a. Standard Distance	i. Principal Component
b. Nearest Neighbour	ii. Scatter diagram
c. Correlation	iii. Settlement pattern
d. Eigen Value	iv. Centrographic measure

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iii	iv	i	ii
(B)	iv	iii	ii	i
(C)	i	iv	iii	ii
(D)	ii	iii	iv	i

62. Which of the following is a GIS operation ?

(A) Image displaying
(B) Contrast stretching
(C) Map over laying
(D) Map designing

63. Which of the following diagrams is used to show proportion of different land uses in an area ?

(A) Pie (B) Wind rose
(C) Line (D) Flow-Chart

64. Mean, median and mode coincide if the distribution of values is

(A) Negativety skewed
(B) Normal
(C) Positivety skewed
(D) Poisson

65. The contour interval followed in SOI Toposheet with 1/50,000 scale is :

(A) 20 Metres (B) 50 Metres
(C) 100 Metres (D) 150 Metres

66. Match List – I with List – II and select a correct answer using the codes given below :

List – I (Instruments)	**List – II (Functions)**
a. GPS base	i. Distance and area
b. Pantograph	ii. 3-D Vision
c. Planimeter	iii. Global location
d. Stereoscope	iv. Reduction & enlargement

Codes :

	a	b	c	d
(A)	iii	i	iv	ii
(B)	ii	iv	iii	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	i	ii	iii	iv

56. निम्नलिखित में से कौन सा परमाणु ऊर्ज़ा (पावर) संयंत्र तमिलनाडु में अवस्थित है ?

(A) तारापुर (B) कोटा
(C) कालपक्कम (D) नरौरा

57. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही मेलित नहीं है ?

(A) हिमाद्री – वृहद्तर हिमालय
(B) शिवालिक – बाहरी हिमालय
(C) पश्चिमी घाट – प्रायद्वीपीय भारत
(D) गौंडवाना भूमि – लघु हिमालय

58. भारत में निम्नलिखित में से कौन से बन्दरगाह का प्राकृतिक पोताश्रय नहीं है ?

(A) मुम्बई (B) कोचीन
(C) मर्मगाव (D) पारादीप

59. योजना आयोग के अनुसार, भारत में कृषि-जलवायु क्षेत्रों की संख्या है

(A) बारह (B) तेरह
(C) चौदह (D) पन्द्रह

60. भारत में मैंगनीज अयस्क का लगभग तीन चौथाई भाग कहाँ पाया जाता है ?

(A) ओड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गोआ
(B) कर्नाटका, ओड़ीसा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र
(C) कर्नाटका, मध्यप्रदेश, गोआ, आंध्रप्रदेश
(D) मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, झारखंड

61. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (सांख्यिकी)	**सूची – II (विश्लेषण)**
a. मानक दूरी	i. मुख्य संघटक
b. निकटतम पड़ोसी	ii. विकीर्ण आरेख
c. सहसम्बन्ध	iii. अधिवास पैटर्न
d. आइज़ेन मूल्य	iv. केन्द्रलेखीय माप

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iii	iv	i	ii
(B)	iv	iii	ii	i
(C)	i	iv	iii	ii
(D)	ii	iii	iv	i

62. निम्नलिखित में से कौन सा जी.आई.एस. ऑपरेशन है ?

(A) बिम्ब प्रदर्शन
(B) अन्तर तनन
(C) मानचित्र ओवरलेइंग
(D) मानचित्र डिजाइन करना

63. किसी क्षेत्र में भिन्न भूमि उपयोगों के अनुपात दर्शाने के लिये कौन से आरेख का उपयोग किया जाता है ?

(A) पाइ (B) विंड रोज़
(C) लाइन (D) फ्लो-चार्ट

64. यदि मानों का बंटन निम्नलिखित है तो माध्य, माध्यिका तथा बहुलक अनुरूप (या सम्पाती) होते हैं :

(A) ऋणात्मक रूप से ढ़लवाँ
(B) सामान्य
(C) धनात्मक रूप से ढ़लवाँ
(D) पायसों

65. SOI के स्थलाकृतिक मानचित्र में 1/50,000 पैमाने के साथ किस समोच्चरेखीय अंतराल का अनुपालन किया जाता है ?

(A) 20 मीटर (B) 50 मीटर
(C) 100 मीटर (D) 150 मीटर

66. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (उपकरण)	**सूची – II (कार्य)**
a. जी पी एस बेस	i. दूरी और क्षेत्र
b. पैन्टोग्राफ (आलेखित्र)	ii. 3-डी विज़िन
c. प्लैनीमीटर	iii. वैश्विक अवस्थिति
d. स्टीरियोस्कोप (त्रिविमचित्र)	iv. घटाना और बढ़ाना

कूट :

	a	b	c	d
(A)	iii	i	iv	ii
(B)	ii	iv	iii	i
(C)	iii	iv	i	ii
(D)	i	ii	iii	iv

67. The most appropriate sampling Technique to represent the heterogenous population of a region is :
(A) Cluster
(B) Random stratified
(C) Systematic
(D) Purposive

68. Which one of the following characteristic features of Indian federalism does not have a geographical base ?
(A) Vast area size
(B) Physical and cultural diversities
(C) Regional inequalities in socio-economic development
(D) Division of powers and functions between Union and states

69. Which of the following countries is known as a Unique assemblage of human races in the world ?
(A) Union of South Africa
(B) U.S.A.
(C) Indonesia
(D) India

70. 'Geostrategic model', dividing the world into ten regions, was propounded by :
(A) P. J. Taylor (B) John Short
(C) John Agnew (D) Saul Cohen

71. Match items in List – I with items in List – II and select the correct answer using the codes given below :

List – I (Name of Administrative Unit)	**List – II (Name of the country)**
a. District	1. France
b. Department	2. India
c. Country	3. Germany
d. Kreise	4. Great Britain

Codes :

	a	b	c	d
(A)	1	2	3	4
(B)	4	2	3	1
(C)	2	1	4	3
(D)	3	2	1	4

72. For measuring the success of changes in electroral boundaries, we use the concept of :
(A) Representation
(B) Malapportionment
(C) Legitimate participation
(D) Non-legitimate participation

73. Welfare approach in geographic studies emphasises spatial variation in–
(A) Socio-Economic development
(B) Public-private partnership in development
(C) Infrastructural development
(D) Quality of life

74. The 'Cultural Turn' in geography has been responsible for :
(A) Bringing social and cultural geography closer to each other
(B) Social geography taking over cultural geography.
(C) Creating void between social and cultural geography.
(D) Reducing the significance of Social geography.

75. Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

List – I (Industry)	**List – II (Location)**
a. Aluminium	i. Mysore
b. Copper smelting	ii. Renukoot
c. Zink smelting	iii. Vishakhapatnam
d. Silk	iv. Khetri

Codes :

	a	b	c	d
(A)	ii	iv	iii	i
(B)	i	ii	iv	iii
(C)	iv	iii	i	ii
(D)	iii	ii	iv	i

67. क्षेत्र की विषमजातीय जनसंख्या को निरूपित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त प्रतिचयन तकनीक है

(A) गुच्छ (B) यादृच्छिक स्तरित
(C) व्यवस्थित (D) सोद्देश्य

68. भारतीय संघवाद की निम्नलिखित मुख्य विशेषताओं में से किसका भौगोलिक आधार नहीं है ?

(A) विशाल क्षेत्र आकार
(B) भौतिक तथा सांस्कृतिक विविधताएँ
(C) सामाजिक-आर्थिक विकास में क्षेत्रीय असमानताएँ
(D) संघ राज्य क्षेत्र और राज्यों के बीच सत्ता और कार्यों का विभाजन

69. निम्नलिखित में से कौन सा देश विश्व में मानव प्रजातियों के अद्‌भुत समुच्चय के रूप में जाना जाता है ?

(A) दक्षिण अफ्रीका संघ
(B) यू. एस. ए.
(C) इंडोनेशिया
(D) भारत

70. विश्व को दस क्षेत्रों में विभाजित करने वाला 'भू सामरिक मॉडल' किसने प्रतिपादित किया था ?

(A) पी.जे. टेलर (B) जॉन शॉर्ट
(C) जॉन एगन्यु (D) सॉल कोहेन

71. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

सूची – I (प्रशासनिक इकाई का नाम)	**सूची – II (देश का नाम)**
a. जिला	1. फ्रांस
b. विभाग	2. भारत
c. देश	3. जर्मनी
d. क्राइस	4. ग्रेट ब्रिटेन

कूट :

	a	b	c	d
(A)	1	2	3	4
(B)	4	2	3	1
(C)	2	1	4	3
(D)	3	2	1	4

72. निर्वाचन सीमाओं में परिवर्तनों की सफलता को मापने के लिए हम निम्नलिखित की संकल्पना का उपयोग करते हैं ?

(A) प्रतिनिधित्व
(B) दुरसंविभाजन
(C) वैध प्रतिभागिता
(D) गैर-वैध प्रतिभागिता

73. भौगोलिक अध्ययनों में कल्याण उपागम के स्थानिक अंतरों पर बल दिया जाता है

(A) सामाजिक आर्थिक विकास
(B) विकास में सरकारी-प्राइवेट प्रतिभागिता
(C) अवसंरचनात्मक विकास
(D) जीवन की गुणवत्ता

74. भूगोल में 'सांस्कृतिक घुमाव' किसके लिये जिम्मेदार है ?

(A) सामाजिक तथा सांस्कृतिक भूगोल को एक दूसरे के समीप लाना ।
(B) सामाजिक भूगोल का सांस्कृतिक भूगोल के ऊपर होना ।
(C) सामाजिक और सांस्कृतिक भूगोल के बीच रिक्तता उत्पन्न करना ।
(D) सामाजिक भूगोल के महत्त्व को कम करना ।

75. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

सूची – I (उद्योग)	**सूची – II (अवस्थिति)**
a. ऐलुमिनियम	i. मैसूर
b. ताँबा प्रगलन	ii. रेनूकूट
c. जस्ता प्रगलन	iii. विशाखापट्टनम
d. रेशम	iv. खेतड़ी

कूट :

	a	b	c	d
(A)	ii	iv	iii	i
(B)	i	ii	iv	iii
(C)	iv	iii	i	ii
(D)	iii	ii	iv	i

Space For Rough Work